हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 13 अगस्त 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

==================================

संसद के दोनों सदनों ने विदेशी अंशदान विनियमन संशोधन विधेयक-2026 की समीक्षा के लिए उसे संयुक्त संसदीय समिति को भेजे जाने का अनुमोदन कर दिया है। यह विधेयक विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम-2010 में संशोधन करेगा। विधेयक का उद्देश्य विदेशी अंशदान को अधिक पारदर्शी और उत्तरदायी बनाना है। समिति अगले सत्र के प्रथम सप्ताह के अंतिम दिन तक इस सभा को प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगी।

-------------------------------------------

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के चंडीगढ़ स्थित आवास 'संत कबीर कुटीर' में हरियाली तीज का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में पंजाब और हरियाणा के राज्यपालों की धर्म पत्नियों सहित प्रदेश की अनेक प्रमुख महिला हस्तियों ने शिरकत की और पारंपरिक झूलों व लोक नृत्य का आनंद लिया।

इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेशवासियों को तीज की बधाई दी और बेटियों के सशक्तिकरण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि 'दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना' और 'हर घर-हर गृहिणी' जैसी पहलों के जरिए राज्य सरकार महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत और स्वावलंबी बना रही है।

मुख्यमंत्री ने तीज के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा-

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि तीज प्रकृति से जुड़ा त्योहार है और इसका धार्मिक महत्व भी है-

--------------------------------------------------------------------

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुग्राम में विकसित की जा रही ग्लोबल सिटी में विश्व स्तर का आइकॉनिक टावर बनाने और बुनियादी सुविधाओं को अगले तीन महीनों में पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

चंडीगढ़ में आयोजित राज्य प्रगति पोर्टल समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करने के बाद मुख्यमंत्री ने बताया कि एक हज़ार एकड़ में विकसित की जा रही ग्लोबल सिटी का 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है और शेष कार्य इस साल दिसंबर तक पूरा कर लिया जाएगा।

इस परियोजना में मॉल, थिएटर, आलीशान होटल और नमो भारत मेट्रो ट्रेन जैसी सुविधाएँ दी जाएँगी, साथ ही इसे द्वारका एक्सप्रेस-वे से भी जोड़ा जाएगा।

उन्होंने बताया कि नांगल चौधरी के एकीकृत बहु-साधन मॉल परिवहन केंद्र से आगामी 23 अगस्त से रेल सेवा शुरू की जाएगी। इसके अलावा हिसार में औद्योगिक निर्माण क्लस्टर के तहत हवाई अड्डे, कौशल विकास केंद्र और डिफेंस एयरोस्पेस जैसी ढांचागत सुविधाओं का काम जारी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बताया कि राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए स्वदेश योजना 2 के तहत पंचकूला के यादविन्द्रा गार्डन में 100 कमरों का पांच तारा होटल बनाया जाएगा और पिंजौर की हवाई पट्टी का भी विस्तार किया जाएगा। साथ ही टिक्कर ताल और थापली में एडवेंचर पार्क विकसित करने की योजना तैयार की गई है।

-----------------------------------------------------------------

स्वतंत्रता दिवस के मद्देनज़र आज भिवानी रेलवे स्टेशन पर पुलिस और विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों द्वारा एक विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत बम निरोधक दस्ते, डॉग स्क्वाड, सीआईडी और जिला पुलिस की संयुक्त टीमों ने रेलवे स्टेशन परिसर, पार्किंग क्षेत्र, पार्सल यार्ड और प्लेटफार्मों की गहनता से जांच की। इस दौरान यात्रियों के सामान और संदिग्ध व्यक्तियों की ली गई।

पुलिस अधिकारियों ने यात्रियों को सतर्क रहने की सलाह दी है और अपील की है कि स्टेशन या ट्रेन में कोई भी लावारिस सामान या संदिग्ध व्यक्ति नजर आने पर तुरंत पुलिस या रेलवे कर्मचारियों को सूचित करें।

---------------------------------------------------------------------

स्वतंत्रता दिवस और 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत अंबाला जिले के सभी बस अड्डों को तिरंगे के रंगों और विशेष रोशनी से सजाया जा रहा है। अंबाला रोडवेज के महाप्रबंधक अश्वनी कुमार ने बताया कि सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी तैयारियां पूरी की जा रही हैं। उन्होंने नागरिकों से राष्ट्रीय पर्व को देशभक्ति की भावना के साथ मनाने की अपील की और यात्रियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।

--------------------------------------------